**Brain International School**
Vikas Puri, New Delhi

# अभ्यास पत्र - 1

**विषय - हिंदी** **कक्षा - छह** **अप्रैल - 2025**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

पेड़ हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। वे हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखते हैं। पेड़ वर्षा लाने में सहायक होते हैं और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। वे पशु-पक्षियों को आश्रय देते हैं और हमें फल-फूल, लकड़ी तथा अन्य अनेक आवश्यक वस्तुएँ प्रदान करते हैं। पेड़ों की छाया गर्मी में शीतलता प्रदान करती है और उनका हरा-भरा वातावरण मन को शांति देता है। यदि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएँगे तो हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा और प्रदूषण कम होगा इसलिए हमें पेड़ों को काटने के बजाए उनकी रक्षा करनी चाहिए और नए पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरुक करना चाहिए।

(क) पेड़ हमें क्या प्रदान करते हैं?

(i) केवल लकड़ी

(ii) केवल छाया

(iii) फल-फूल, लकड़ी और स्वच्छ वायु

(iv) कुछ नहीं

(ख) पेड़ किसमें सहायक होते हैं?

(i) पर्यावरण को प्रदूषित करने में

(ii) वर्षा लाने में

(iii) हवा को जहरीला बनाने में

(iv) जल स्रोतों को सुखाने में

(ग) हरा-भरा वातावरण हमें क्या प्रदान करता है?

(i) अशांति (ii) तनाव (iii) शांति (iv) क्रोध

(घ) हमें पेड़ों के संबंध में क्या करना चाहिए?

(ङ) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

**व्याकरण**

**वर्ण- विच्छेद**

प्रश्न. दिए गए शब्दों का वर्ण- विच्छेद कीजिए।

कमल, क्रम, कंगन, कर्म

**पर्यायवाची**

प्रश्न. दिए गए शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

पुत्र, बालक, मित्र, मोर

**विलोम शब्द**

प्रश्न. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

अमीरी, आदर, अनुज, बंद

**मातृभूमि**

प्रश्न 1. कवि ने भारत को 'युद्ध भूमि' क्यों कहा है?

प्रश्न 2. महात्मा बुद्ध ने लोगों को क्या संदेश दिया?

प्रश्न 3. 'नित सिंधु – झूमता' से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न 4. 'त्रिवेणी' शब्द से आप क्या समझते हैं?

**गोल**

प्रश्न 1. ध्यानचंद जी की सफलता का मूलमंत्र क्या था ?

प्रश्न 2. पाठ का नाम 'गोल' क्यों रखा गया है?

प्रश्न 3. बर्लिन ओलंपिक में जब ध्यानचंद कप्तान बने तो वे सेना के किस पद पर थे ?

प्रश्न 4. भारत का सर्वोच्च 'खेल रत्न' पुरस्कार किसके नाम पर दिया जाता है?

**अनुच्छेद लेखन**

**'पर्यावरण संरक्षण' विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**